कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ

संख्याः एम0ई0–3/2017/100 लखनऊःदिनांकः 23 जुलाई 2017

नीट यू0पी0 2016 तथा सी0पी0ए0टी0 2016 की काउंसिलिंग में छात्रों द्वारा जमा की गई सिक्योरिटी धनराशि वापस किये जाने के संबंध में आवश्यक सूचना

नीट यू0पी0 2016 तथा सी0पी0ए0टी0 2016 की काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेशित छात्र–छात्राओं/ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हे उक्त काउंसिलिंग से कोई सीट आवंटित नहीं हुई है, द्वारा काउंसिलिंग के समय जमा की गई सिक्योरिटी धनराशि उनके बैंक खातों में आनलाईन प्रकिया के माध्यम से वापस किये जाने हेतु उनका बैंक विवरण वेबसाईट www.upneet.in पर उपलब्ध लिंक student login पर अंकित किये जाने की अपेक्षा की गई थी।

संज्ञान में आया है कि कतिपय छात्रों द्वारा अभी भी उक्त आवेदन प्रकिया पूर्ण नहीं की गई है। अतः ऐसे अभ्यर्थी, जो अभी तक उक्त वेबसाईट पर अपना बैंक विवरण अंकित नहीं कर सके हैं, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वह अपना बैंक विवरण वेबसाईट www.upneet.in पर उपलब्ध लिंक student login पर तत्काल अंकित करना सुनिश्चित करें ताकि उनकी सिक्योरिटी धनराशि यथाशीघ्र वापस किया जाना सम्भव हो सके।

(के0के0गुप्ता)
महानिदेशक